कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर (गुजरात) - 393002

<u>अंतरराष्ट्रीय योग पखवाड़ा के अंतर्गत की गई गतिविधियां (दिनांक: 07.06.2022)</u>

अंतरराष्ट्रीय योग पखवाड़ा दिनांक 7 जून से 21 जून तक तक श्रम एंव रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर द्वारा मनाया जा रहा है जिसमें <u>अस्पताल में योगा डेमोंसट्रेशन, नियमित हेल्थ टॉक और स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन</u> आज दिनांक 07.06.2022 को किया जिसमें 55 आईपी व बीमित मरीजों ने हिस्सा लिया । कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पखवाड़ा का उद्घाटन माननीय सांसद श्री मनसूख भाई वसावा द्वारा किया गया और इस दौरान कार्यक्रम मे श्री अनिल भाई वसावा (जिला पंचायत दंडक) और डॉ नितेन्द्र सिंह (अंकलेश्वर तालुका संगठन प्रमुख) उपस्थित रहें। माननीय सांसद महोदय द्वारा योग के फायदे और होने वाली बीमारियों से बचाव केसे किया जा सकता है के बारे में विस्तृत रूप से बताया । इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक महोदय, उपचिकित्सा अधीक्षक, उपनिदेशक सहित समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण व आईपी/बीमित मरीज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री संजय कुमार (उप निदेशक-वित्त) द्वारा किया गया।

15 चिन्हित कंपनियों में से आज दिनांक 07.06.2022 को <u>मेसर्स ग्लैनमार्क लाइफ साइंसेज, जीआईडीसी, अंकलेश्वर में</u> योगा डेमोंसट्रेशन, नियमित हेल्थ टॉक और स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 39 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । इस दौरान उपस्थित सभी आईपी को योग के बारे मे बताते हुए उनको योगा करवाया गया और ईआईसी स्कीम के बारे में बताया गया । इस दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ, योगा अनुदेशक, चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिकल सोशल वर्कर, व्यवसायिक फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर मे स्वच्छता अभियान के दौरान इलेक्ट्रिक उपकरणों एवं वाटर कूलर की सफाई की गई।

<u>चिन्हित बस्ती भरवाडवास</u> में चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में दिनांक 07.06.2022 को स्वच्छता अभियान चला कर साफ सफाई की गई और स्वास्थ्य जागरूकता पर बस्ती में उपस्थित व्यक्तियों को जानकारी साझा की। बस्ती में उपस्थित दो बीमित व्यक्तियों का बीपी, वजन और शुगर द्वारा उनके स्वास्थ्य की जांच की ।

<u>कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर में योगा शुभ आरंभ, योगा डेमोंसट्रेशन, नियमित हेल्थ टॉक और स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन</u>

GENERAL SURGERY
GYNAC & MATERNITY DEPARTMENT
N.I.C.U.
I.C.U.
O.T
LAUNDRY
REGISTRATION

<u>दिनांक 07.06.2022 को मेसर्स ग्लैनमार्क लाइफ साइंसेज, जीआईडीसी, अंकलेश्वर में योगा डेमोंसट्रेशन, नियमित हेल्थ टॉक और स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन।</u>

<u>चिन्हित बस्ती भरवाडवास में चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में दिनांक 07.06.2022 को स्वच्छता अभियान</u>